# 80 हजार की रिश्वत लेते शिक्षा विभाग के बाबू सहित 3 गिरफ्तार

**शिक्षक की पदस्थापना व विभागीय जांच समाप्त करने के नाम पर ली जा रही थी राशि**







**नवभारत,दमोह 4 मई।** शिक्षा विभाग के तीन कर्मचारियों को लोकायुक्त सागर की टीम द्वारा सोमवार देर शाम बजे 80 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा है. एक शिक्षक के निलंबन से बहाल होने के बाद मनमाने स्थान पर पद स्थापना व विभाग की जांच समाप्त किए जाने के नाम पर यह राशि मांगी गई थी. शहर के पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप दबोचा और जबलपुर नाका चौकी ले जाकर तीनों आरोपियों पर कार्रवाई की गई है.

जानकारी देते हुए पीड़ित नवेंद्र कुमार अठ्या ने बताया कि वह पटेरा के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में पदस्थ है. सितंबर 2025 में एक बच्चे से मारपीट का गलत तरीके से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था, जिसके बाद उसे निलंबित कर दिया गया.

### एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई थी

शिक्षक ने बताया कि पिछले दिनों से जानकारी लगी कि उसे बहाल कर दिया गया है और तेंदूखेड़ा में अटैच किया गया है. जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अनिल साहू ने मुझसे कहा कि मनोज श्रीवास्तव के माध्यम से संशोधन आदेश पारित कर दिया जाएगा और जांच भी समाप्त कर दी जाएगी.इसके बदले 1 लाख रूपये देने की मांग की गई।

### 80 हजार में सौदा तय हुआ

वह रिश्वत देना नहीं चाहता था बल्कि आरोपियों को पकड़वाना चाहता था. इसके बाद 80,000 में यह सौदा तय हुआ. 13 अप्रैल को उसने सागर लोकायुक्त में मामले की शिकायत दर्ज कराई.21 अप्रैल को शिकायत की पुष्टि हुई.4 मई को आरोपियों को पैसा देना तय हुआ. पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप अनिल साहू द्वारा उसे पैसे लेने के लिए बुलाया गया. जैसे ही पैसे दिए गए लोकायुक्त पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया.

### पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने किया गिरफ्तार

इस संबंध में लोकायुक्त निरीक्षक मंजू किरण तिर्की ने बताया कि महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश पर उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज सिंह के मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक योगेश्वर शर्मा के निर्देशन में यह कार्यवाही की गई.मामले के अनुसार सोमवार की रात्रि शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने मुख्य सड़क पर शिक्षक नवेन्द्र अठिया से 80 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए अनिल साहू को रंगे हाथों गिरफ्तार किया.

### लिपिक नीरज व मनोज भी राशि के लेन-देन में थे शामिल

इस मामले में शामिल लिपिक नीरज सोनी व मनोज श्रीवास्तव को भी बुलाकर इस राशि के लेन-देन में शामिल होने की बात प्रमाणित हुई. जिस पर लोकायुक्त पुलिस ने अनिल कुमार साहू पद माध्यमिक शिक्षक, मनोज कुमार श्रीवास्तव पद सहायक ग्रेड 2 कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी दमोह, नीरज कुमार सोनी पद सहायक ग्रेड 3 कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी दमोह को गिरफ्तार कर जबलपुर नाका चौकी लाकर कार्यवाही की. इस संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक मंजू किरण तिर्की व निरीक्षक रंजीत सिंह सहित लोकायुक्त सागर स्टॉफ शामिल रहा।

## दमोह में देर रात तीन मंजिला बिल्डिंग का गिरा छज्जा,बड़ा हादसा टला,पहुंची पुलिस




**नवभारत,दमोह.** शहर के घंटाघर के समीप बूंदबहू कॉम्प्लेक्स के सामने रविवार रात करीब 12 बजे 3 मंजिला बिल्डिंग का छज्जा नीचे गिर गया. जिससे एक बड़ी घटना होने से बच गई. जैसे ही छज्जा गिरने की जानकारी कोतवाली टीआई को लगी वह मौके पर पहुंचे.बिल्डिंग के मालिक को बुलवाया और ऊपर छत पर जाकर देखा तो बिल्डिंग का आधा छज्जा ऊपर हवा में लटका हुआ मिला.तत्काल उन्होंने बेरीकैटिंग कराई और मार्ग को दूसरी तरफसे चालू कराया.टीआई मनीष कुमार ने बताया कि रात में कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि बूंदाबहू कॉम्प्लेक्स के सामने तीन मंजिला बिल्डिंग का छज्जा जमीन पर गिर गया है.इससे कोई जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन यदि यह हादसा दिन में होता तो कई लोग घायल हो सकते थे. बिल्डिंग बीडी नामदेव की बताई गई है.उनके परिजनों को बुलवाया गया और छत पर जाकर देखा तो छज्जे का आधा हिस्सा हवा में लटका हुआ था.उन्होंने बिल्डिंग मालिक को सुधार कराने के लिए बोला है. साथ ही रात में ही बैरिकेडिंग कर मार्ग को दूसरी ओर से चालू कराया है.ताकि लोग यहां पर ना आए और कोई घटना घटित ना हो सके.जिस बिल्डिंग में हादसा हुआ है वहां कई दुकान भी संचालित हो रही हैं.दुकान संचालकों से भी कहा है कि वह भी एहतियात बरते और बिल्डिंग में जल्दी ही सुधार कराएं.स्थानीय लोगों ने बताया कि बिल्डिंग काफी पुरानी होने से छज्जे का काफी हिस्सा नीचे गिरा था.यदि दिन में यह हादसा होता तो कई लोग घायल हो जाते.क्योंकि घंटाघर शहर का मुख्य बाजार है और यहां सुबह से रात तक हजारों लोगों की भीड़ मौजूद रहती है.

### हर दिन उम्र कम हो रही समाज सेवा इमानदारी से करे : सीईओ

**नवभारत,तेंदुखेडा/दमोह.** नगर के जनपद कार्यलय मे जनपद सी ई ओ मनीष बागरी का 44 वा जन्म दिन जनपद कर्मिओ ने शालीनता और हर्ष उल्लास के माहौल में मनाया.इस दौरान जनपद के सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे.जिनमे मुख्य रूप से रोहित यादव मनरेगा अधिकारी कोरी आकाश साहू,आर के अग्रवाल, शिवनंद अहिरवार, घनश्याम अहिरवार, महेंद्र ठाकुर,राजेन्द्र बाबा अजय खरे, सहित सचिव सहायक सचिव मौजूद रहे.इस दौरान ने सीईओ ने जन्म दिन की बधाई देने आयोजित किये कार्यक्रम को करने के लिए सभी का आभार मानते हुए कहा की हम सबकी उम् हर दिन कम हो रही है.हम सबको अपना दायित्व ईमान दारी से निभा कर आमजनों के कार्य तय समय मे कर सामाज सेवा कर लोगों की परेशानियों दूर कर अपने जीवन को धन्य बना ना है.तभी हमारा जन्म दिन मना ना सार्थक होगा.चूंकी हम तो अपना जन्म दिन मनाए और जनता के कार्य समय पर ना करे तो ये सब करना बेकार है.इसलिए समाज हित के कार्य ईमानदारी से करना हमारे जीवन का उद्देश्य होना चाहिए.

# बंगाल, असम और पुडुचेरी में जीत पर भाजपा का निकला विजय जुलूस



**नवभारत,दमोह.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव 2026 में पश्चिम बंगाल,असम व पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी जिला दमोह द्वारा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में विजय जुलूस जिला भाजपा कार्यालय से हृदय स्थल घंटाघर तक निकाला गया.इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जयघोष व आतिशबाजी के साथ जीत का उत्सव मनाया. इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि यह ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत,जनता के विश्वास का परिणाम है.दमोह विधायक ने कहा कि यह प्रचंड विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच,जनकल्याणकारी नीतियों और मजबूत नेतृत्व का परिणाम है.देश की जनता ने एक बार फिर विकास,सुशासन और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी है.किसान मोर्चा के प्रदेश के महामंत्री गोपाल पटेल जी ने कहा,यह बंगाल में नए इतिहास की शुरुआत है.उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की ताकत ने यह ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित की है.

### मजबूत नेतृत्व का परिणाम

यह विजय आम जनता के विश्वास और समर्थन का प्रतीक है,जो भाजपा की नीतियों और कार्यशैली पर निरंतर भरोसा जता रही है. देश की जनता ने एक बार फिर विकास,सुशासन और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी है.कार्यक्रम में पार्टी के जिले के पदाधिकारी व समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### इंदिरा ज्योति यात्रा चलो रामराज्य की ओर का आगमन आज

**नवभारत,दमोह।** जिले के समस्त ब्लाक अध्यक्षों,मंडलम अध्यक्षों,मोर्चा संगठनों, प्रकोष्ठों विभागों के अध्यक्ष से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल व इंदिरा ज्योंति यात्रा आयोजन समिति के अध्यक्ष मनु मिश्रा ने अनुरोध किया है कि सुप्रसिद्ध विचारक सम्यक अभियान के प्रमुख भास्कर राव रेकड़े के नेतृत्व में इंदिरा ज्योंति यात्रा व महात्मा गांधी की अवधारणा के अनुरूप चले रामराज्य की ओर अभियान संकल्प यात्रा का आगमन सागर से चलकर 5 मई को साय 4:30 बजें दमोह आगमन हो रहा है उनकी रथयात्रा का भव्य स्वागत सागर नाका, तीन गुल्ली, स्टेशन चौक, राय चौराहा, घंटाघर से होकर अम्बेडकर चौक पर समापन होगा। यात्रा में उनके साथ पूर्व मंत्री, पी.सी. शर्मा, पूर्व सांसद सुरेंद्र सींग ठाकुर भी आयेगे। समापन के बाद अम्बेडकर चौक के पास रात्रि 7बजें पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों एवं आम जनता से अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

## प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी ने बांदकपुर धाम में किया जलाभिषेक

आंवले के वृक्ष का पौधा रोपा



**नवभारत,दमोह.** श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर की पावन नगरी में सोमवार शाम को प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी पहुंचे.यहां उन्होंने श्री जागेश्वर नाथ धाम में विधि-विधान से जल अभिषेक कर पूजन-अर्चन किया और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की.साथ ही न्यायाधीश श्री सोलंकी ने मंदिर के द्वारा स्थापित धेनुवन (गोवर्धन पर्वत) पर आंवले के वृक्ष का रोपण भी किया. पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उन्होंने पौधरोपण के महत्व पर जोर दिया.

**प्रकृति और न्याय एक-दूसरे के पूरक हैं**

जीवन में सकारात्मक सोच रखते हुए पर्यावरण संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है. स्वच्छ पर्यावरण ही स्वस्थ समाज की नींव है.इस दौरान टीआई सिटी मनीष कुमार, एएसआई कमलेश सैनी,शिवम पाठक समेत पुलिस व न्या यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे.मंदिर समिति ने न्यायाधीश सोलंकी का स्वागत किया.

### एक नजर में




### जल गंगा संवर्धन अभियान, निकली जागरूकता रैली

**नवभारत,दमोह .** जल संरक्षण एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों द्वारा एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के माध्यम से आमजन को जल संरक्षण के महत्व,जल स्रोतों के संरक्षण एवं जल के समुचित उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। प्रतिभागियों ने नारे व संदेशों के माध्यम से लोगों को जल है तो कल है का संदेश दिया।कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय तथा परामर्शदाता दिलीप पटेल, जीवन यादव,शैलेंद्र पाराशर,पुष्पा दुबे एवं दर्शिका तिवारी की गरिमामयी उप स्थिति रही। सभी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए जल संरक्षण के प्रति निरंतर जनभागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया।



### महाविद्यालय में प्रवेश हेतु घर-घर संपर्क

**नवभारत,दमोह .** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में आज प्राचार्य डॉ .जी .पी .चौधरी के मार्गदर्शन में तथा नोडल अधिकारी डॉ .अवधेश जैन के निर्देशन में सत्र 2026 27 की प्रवेश प्रक्रिया को सरल पारदर्शी, एवं छात्र हितेषी बनाते हुए अधिकतम पात्र विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के उद्देश्य से कॉलेज चलो अभियान के द्वितीय चरण प्रारंभ हो गया है। इसके अंतर्गत आज 04 मई को कक्षा12वीं में पास छात्राओं के प्रवेश हेतु जन जागरूकता अभियान के तहत डॉ. उमेश दीपंकर और डॉ. अनुभा दुबे के द्वारा घर-घर जाकर विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश हेतु आवश्यक जानकारियां, शासन की विविध योजनाओं एवं महाविद्यालय में प्राप्त सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गई और महाविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित किया गया।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 को

**नवभारत,दमोह.** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के कुशल मार्गदर्शन में 09मई 2026 दिन शनिवार को जिला मुख्यालय दमोह,तहसील हटा,पथरिया व तेंदूखेड़ा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा जिसमें न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक,सिविल, चौक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा,वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों के साथ ही बैंक ऋण वसूली,बी.एस.एन.एल.की बकाया वसूली,विद्युत व नगर पालिका से संबंधित प्रिं-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जावेगा,नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु विभिन्न विभागों द्वारा छूट प्रदान की जाने की घोषणा की है।

## अन्नदाताओं को खरीदी केंद्रों पर भटकना नहीं पड़े

**सभी मूलभूत सुविधाएं और समय पर तुलाई सुनिश्चित की जाए : कलेक्टर**



**नवभारत,दमोह.** जिले के कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने समर्थन मूल्य पर चना और गेहूं की खरीदी व्यवस्था का जायजा लेने के लिए बटियागढ़ और बक़ायन खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बोरी तुलाई पर कलेक्टर श्री यादव ने देखा बोरी का वजन कराया। कलेक्टर श्री यादव ने खरीदी केंद्र बकायन और बटियागढ़ का आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान किसानों से चर्चा की किसानों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें खरीदी में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो रही है व्यवस्था में आज बदलाव देखा गया किसानों के चेहरों पर खुशी नजर आ रही थी कह रहे थे कि कलेक्टर साहब स्वयं देखरेख कर रहे हैं अब हमें खरीदी केंद्रों पर किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं है, व्यवस्थाओं में बदलाव और सुधार हुआ है। कलेक्टर श्री यादव ने किसानों से अलग ले जाकर चर्चा भी की तब भी किसानों ने व्यवस्था पर संतोष जताया। उन्होंने व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होने कहा, अन्नदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

उन्हें खरीदी केंद्रों पर भटकना न पड़े और सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे छाया, पानी और समय पर तुलाई सुनिश्चित की जाए।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने बताया कि कलेक्टर के फेसबुक पेज के माध्यम से किसानों की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इनमें समय पर तुलाई न होना, ओटीपी न आना और पावती न मिलना जैसी समस्याएं शामिल थीं।

# हटा में कलेक्टर ने ली बैठक,दिए अहम दिशा-निर्देश

**नवभारत, दमोह. कलेक्टर प्रताप नारायण यादव शाम हटा पहुँचे।उन्होने यहाँ नगरपालिका सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक में पेयजल, बिजली और अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं को सुदृण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।**

उन्होने कहा,लोगों द्वारा दिए गए सुझावों और बताई गई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए वे स्वयं अधिकारियों के साथ यहाँ पहुंचे। उन्होने यहाँ पानी की समस्या, साफ-सफाई की अव्यवस्था,सड़कें और बिजली से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आई। इन समस्याओं के समाधान के लिये कलेक्टर श्री यादव नें संभागीय और प्रदेश स्तर के अधिकारियों को तत्काल स्थल निरीक्षण कर सुदृण व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जल परियोजना की स्थिति का निरीक्षण कर कमियों को जल्द से जल्द दूर किया जाए, ताकि नगर में नियमित और पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होने सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए हर वार्ड की जनसंख्या और क्षेत्रफल के अनुसार कर्मचारियों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुबह और शाम दोनों समय सफाई की निगरानी होनी चाहिए,जिसमें सुपरवाइजर और सीएमओ की सक्रिय भूमिका जरूरी है। उन्होने पार्षदों से भी अपेक्षा जताई कि वे अपने-अपने वार्ड में सफाई व्यवस्था पर नजर रखें और कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करें, ताकि स्थायी सुधार हो सके।उन्होने निष्क्रिय पड़े ई-रिक्शा को लेकर नाराजगी जताई।

यदि जांच में यह पाया जाता है कि कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार नहीं किया गया है, तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर आयोजित बैठक में एमपीआरडीसी और नगरीय निकायों और उदय प्रोजेक्ट के अधिकारियो को कलेक्टर नें बैठक के दौरान ही दूरभाष पर दिशा-निर्देश देते हुए हटा पहुँचकर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाएं सुदृण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में एसडीएम सहित नगरीय निकाय के पदाधिकारी,पार्षदगण और सभी संबंधित विभागो के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।



### कलेक्टर यादव ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया

कलेक्टर ने सीएमओ को तत्काल वाहनों को चालू करवाने के निर्देश दिए। ताकि संकरी गलियों में भी सफाई कार्य बेहतर ढंग से किया जा सकेगा। शहर में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों को लेकर कलेक्टर श्री यादव ने गंभीर रुख अपनाया। उन्होने कहा एमपीआरडीसी द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य के दौरान नालियों और पाइपलाइन को क्षति पहुंचाया गया है,जिससे स्थानीय पेयजल व्यवस्था प्रभावित हो रहा है,इसके अलावा,कई सड़कों के लंबे समय से अधूरे और खुदे होने की शिकायतें भी सामने आई।उन्होने निर्देशित किया है, कि शहर से जुड़े सभी मार्गों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए और क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को तुरंत दुरुस्त किया जाए,ताकि जल आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित हो सके। साथ ही,निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और योजना के अनुरूप क्रियान्वयन की जांच के लिए एक विशेष टीम गठित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### जिला कार्यक्रम अधिकारी जयवंत सिंह वर्मा सेवानिवृत्त, वरिष्ठ सहायक संचालक अनिल जैन को मिला अतिरिक्त प्रभार

**नवभारत,दमोह.** महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला दमोह में पदस्थ जिला कार्यक्रम अधिकारी जयवंत सिंह वर्मा अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त हो गए। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा प्रशासनिक कार्यों की निरंतरता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तत्काल प्रभाव से वैकल्पिक व्यवस्था की गई है, जिला कार्यक्रम अधिकारी के रिक्त पद के मद्देनजर महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला दमोह का संपूर्ण प्रभार वरिष्ठ सहायक संचालक अनिल जैन को आगामी आदेश तक सौंपा गया है।

**मारपीट** | **7 घायल, इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया, उपचार जारी**

# ज़मीनी विवाद दो पक्षों में चलीं जमकर लाठियां

**नवभारत,दमोह। जिले के देहात थाना क्षेत्र का खजरी गांव में जमीनी विवाद के चलते सोमवार सुबह दो पक्षों में जमकर लाठियां चलने से बुरी तरह घायल हो जाने पर दोनों पक्षों के करीब सात घायलों को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है.**



जिनका उपचार जारी है घटना की जानकारी मिलते ही मौके प्रधान आरक्षण डेलन और पूरन लाल ने पहुंचकर घायलों से जानकारी लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है घायलों में एक पक्ष के संजय पिता रामकुमार कुमार 28 वर्ष, रामकुमार पिता गुलाब उम्र 55 वर्ष, सीता रानी पति रामकुमार 50 वर्ष, सुषमा पति संजय उम्र 23 वर्ष निवासी सभी खजरी और दूसरे पक्ष में मुकेश रजक उम्र 36 वर्ष, गोटीराम 60 वर्ष, चंद्रभान 17 वर्ष और फूल रानी रजक उम्र 55 वर्ष सभी निवासी खजरी के बताए गए हैं.

जहां पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी.